रिपोर्ट

[1 Pl 3/48 UP NCC COY]

मेजर (डॉ) के.एन.पाण्डेय को कमान अधिकारी द्वारा मिला प्रशस्ति-पत्र

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने 30.12.2019 को अपनी लगभग 21 वर्ष की एनसीसी अधिकारी के रूप में कार्य करने के पश्चात अधिवर्षता आयु पूर्ण की। मेजर पाण्डेय का एनसीसी गतिविधियों के प्रति समर्पण अद्वितीय था। वे स्वयं भी एनसीसी सी प्रमाण पत्र धारक थे और हमेशा महाविद्यालय एनसीसी इकाई को उच्चीकृत करने के लिए कार्य करते रहे। एनसीसी में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्नल जी एस ढिल्लन, कमान अधिकारी, 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मेजर पाण्डेय एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, नेतृत्व के गुणों से परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति है। एनसीसी अधिकारी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कैडेट सैन्य अधिकारी, अर्धसैनिक बल तथा सैंकड़ों कैडेट सेना में भर्ती हुए और यह योगदान महाविद्यालय एनसीसी इकाई की इस समाज को विशिष्ट विरासत है। मेजर पाण्डेय अगले दो वर्षों तक महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में सेवाएं प्रदान करेंगे। जय हिन्द।

---डॉ पुष्यमित्र मिश्र
केयर टेकर- एन.सी.सी.

ATTESTED

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

IQAC
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA